देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 07 जूलाई 2023। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कार्यपरिषद् ने पूर्व संकायाध्यक्ष, वाणिज्य डॉ. डी.डी. मूंदड़ा एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारी श्री राजेन्द्र लालदास के असमय निधन पर श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनिट का मौन रखा।

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दिनांक 04 जुलाई 2023 को चतुर्थ श्रेणी स्थाईकर्मियों की सेवाओं को नियमित किए जाने के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति, समस्त कार्यपरिषद् सदस्यों, कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक का सम्मान एवं आभार प्रदर्शित किया, साथ ही परीक्षा नियंत्रक के रूप में प्रो. अशेष तिवारी के पदभार ग्रहण करने का स्वागत किया।

कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. सुनिता जोशी, डॉ. मंगल मिश्र ने बी.एड. के विद्यार्थियों को ए.टी.के.टी. परीक्षा का एक और अवसर प्रदान किए जाने का प्रस्ताव रखा। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि करोना काल के कारण सत्र 2021–22 एवं 2022–23 के समस्त बी.एड. के विद्यार्थियों को एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाए और यह परीक्षा आगामी परीक्षा के साथ संचालित की जाए तथा पूर्व एवं भविष्य में इसे उदाहरण के तौर पर न लिया जाए।

कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. सुरेश सिलावट ने विश्वविद्यालय अतिथि गृह एवं छात्रावासों को अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की।

डॉ. मंगल मिश्र द्वारा संकलित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की स्थापना से संबंधित विधानसभा के दस्तावेजों की एक प्रति का विमोचन कुलपति प्रो. रेणु जैन जी द्वारा किया गया।

बैठक के अंत में सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान अध्ययनशाला, प्रो. एच.पी.एस. चौहान जी का सम्मान माननीय कुलपति एवं कुलसचिव जी द्वारा किया गया तथा प्रबंध संकाय के प्रो. दीपक श्रीवास्तव को कार्यपरिषद् सदस्य के रूप में कार्यकाल समाप्त होने पर शाल एवं श्रीफल द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी